INDORE: Police recovered a 12-year-old boy safely within 12 hours after he left his home following a scolding from his family in the Vijay Nagar area, police said on Wednesday. Police formed four teams and checked more than 50 to 60 CCTV cameras while searching for the child.

According to police, the boy had been scolded by his mother for playing with friends and returning home late. Upset over the incident, he left his house at around 9.30 pm. When his family realised that he was missing, they approached the Vijay Nagar police. Considering the boy's age and the seriousness of the matter, police immediately registered a case and began a search operation. Four teams were formed and sent to different areas to check possible locations and routes taken by the child. Officers also collected information about his friends, relatives, acquaintances and places where he could have gone. At the same time, police examined footage from CCTV cameras in the surrounding areas. The teams continued the search while analysing the available technical evidence. The coordinated search finally helped police trace the boy within 12 hours. He was found safe and handed over to his worried parents. The family thanked the Vijay Nagar police.

Five days on, no clue about Advait

INDORE: Police were clueless about 31-year-old Indore resident techie Advait Upadhyay, who is missing while trekking in the Shivagange hills near Nelamangala in Bengaluru, even after five days.

Bengaluru Rural Police and State Disaster Response Force (SDRF) teams have been searching the area continuously. Teams have entered dangerous valleys within a radius of around 500 metres, but no clue has been found so far.

The police said the search operation has continued for five days. Advait's fiancée and other people close to him have been questioned. Technical teams are also examining his digital activity. The police are checking his laptop history from the last three months to find clues about his online and AI searches. They are also checking information related to Shivagange and the places Advait may have planned to visit.

Minister Kailash Vijayvargiya has also contacted Advait's family and is trying to get details from Bengaluru Police about the search operation.

August 17 deadline set for insuring notified Kharif crops

Our Staff Reporter
INDORE

The deadline for insuring notified crops under the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (Prime Minister's Crop Insurance Scheme) for the Kharif season of 2026 has been set for Aug 17.

All eligible farmers in the district are informed to ensure they insure their crops under this scheme by the stipulated deadline.

The deputy director of farmers' welfare and agriculture development, district, stated that current weather uncertainties and the impact of conditions like El Nino create a likelihood of fluctuations in rainfall distribution and volume. There is a risk of crop damage due to factors such as deficient or excessive rainfall, prolonged dry spells, heavy downpours, waterlogging, and other natural calamities.

In such risky conditions, the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana serves as a vital source of financial security for farmers. Through this scheme, farmers receive insurance coverage against crop losses caused by natural disasters and adverse weather conditions.

Farmers can insure their crops by visiting nationalised banks, cooperative banks (IPCC banks), or MPCC centres. Farmers are advised not to wait until the last moment but to insure their notified crops in a timely manner to safeguard them against natural risks.

I-Day events' rehearsal today

Our Staff Reporter
INDORE

Extensive preparations are underway for the Independence Day celebrations scheduled for August 15 in the city. The main ceremony will be conducted with full solemnity at the RAPTC Ground, located at Mahesh Guard Line. The final rehearsal for the event will take place on Thursday, starting at 8:00 am, at the Mahesh Guard Line parade ground. All officials associated with the arrangements have been instructed to arrive there at the scheduled time.

11-YR-OLD KHAJRANA MURDER MYSTERY SOLVED; TWO ARRESTED

Our Staff Reporter
INDORE

Police claimed to have solved a nearly 11-year-old murder case involving the killing of a 17-year-old boy and arrested two men allegedly involved in the crime, police said on Wednesday. The motive of the suspects was to rob the boy, so they had taken him to an isolated place on the pretext of giving a lift.

DCP (Zone 2) Amand Singh Rathore said that Krishna was found dead near the Bypass Road in the Khajrana area on April 17, 2015. He was allegedly taken to an isolated place near the Bypass Road on the pretext of giving him a lift. The suspects allegedly gained his trust and took him to the spot on their motorcycle. Police said the suspects consumed drugs with him and later robbed him of a gold locket, a silver chain and pendant and cash.

When Krishna resisted the robbery, one of the suspects, identified as Aqeel, allegedly attacked him on the neck with a knife. He died on the spot due to heavy bleeding. After the murder, the suspects allegedly tried to destroy evidence by burning and hiding the motorcycle and other items before fleeing.

The DCP said that during a fresh review of old unsolved cases, Khajrana police station staff worked on information from informers and technical evidence. On Aug 11, police traced Aqeel alias Naitra Sheikh and Arif alias Naitra and questioned them.

The third suspect, Parvez, has died. Police recovered the gold locket, silver chain-pendant, motorcycle and other material linked to the case. Head constable Pankaj Sawariya of Khajrana Police Station played the key role in identifying the culprits.

Aqeel accused of molesting Australian cricketer last year

During the investigation into the blind murder, police found another important detail about one of the arrested suspects. One of the suspects, identified as Aqeel, had earlier been accused of molesting an Australian international woman cricketer who had visited Indore to play a match last year.

Meanwhile, the family of the deceased, Krishna, had taken a vow after his brutal murder that they would not cut their hair until all the suspects were arrested. Krishna's brother and brother-in-law had not cut their hair for the past 11 years and had decided to maintain the vow until the killers were arrested. With the arrest of the suspects in the murder case, the brother and brother-in-law now plan to visit Tirupati Balaji and have their hair cut there as a mark of fulfilling their vow. The development has added an emotional dimension to the investigation into Krishna's murder.

कसबा में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : कसबा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने चिरंजीत भादुड़ी नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अलीपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय में पेश किया। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के अधिवक्ता सौमेन सरकार ने जमानत की अर्जी दाखिल करते हुए दलील दी कि आरोपी और शिकायतकर्ता की मुलाकात कार्यस्थल पर हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच धीरे-धीरे दोस्ती और फिर नजदीकियां बढ़ीं। वहीं, पुलिस के पास दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी का वादा करके महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकारी वकील सज्जाद अली खान ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए आरोपी की पुलिस हिरासत की मांग की।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

बेलियाघाटा में ऑटो में महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता : बेलियाघाटा थाना अंतर्गत नारकेलडांगा मेन रोड पर एक ऑटो में यात्रा कर रही महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ऑटो में यात्रा के दौरान की अश्लील हरकत : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 11 अगस्त 2026 की रात लगभग 9:15 बजे ऑटो से यात्रा कर रही थी। जब ऑटो नारकेलडांगा मेन रोड पर स्थित बी. सी. रॉय अस्पताल के पास पहुंचा, तभी सह-यात्री मो. असगर (35) ने महिला को अनुचित तरीके से छूकर छेड़छाड़ की।

वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : बड़ाबाजार थानांतर्गत एमजी रोड पर एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम जहांआरा बीबी (60) है। वह हुगली जिला के डानकुनी की रहने वाली थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे जब महिला सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दी। महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

केएमसी के 9 लाख संपत्ति करदाताओं का बदलेगा असेसी नंबर

- वार्ड पुनर्विन्यास के बाद निगम करेगा नई व्यवस्था

मधुर, सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : कोलकाता नगर निगम (केएमसी) अंतर्गत करीब 9 लाख संपत्ति करदाताओं के असेसी नंबर में बदलाव होने जा रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि केएमसी के वार्ड पुनर्विन्यास के कारण किया जाएगा।

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले अधिकांश करदाताओं को नया असेसी नंबर मिलने की संभावना है। केएमसी के चुनाव इसी वर्ष नवंबर के आसपास प्रस्तावित हैं। उससे पहले वार्डों का पुनर्विन्यास किया जा रहा है। मौजूदा 144 वार्डों को बढ़ाकर 209 वार्ड किए जा रहे हैं यानी केएमसी क्षेत्र में 65 नए वार्ड बनाए जाएंगे।

वार्ड बदलने के साथ बदलेगा असेसी नंबर : वार्ड पुनर्विन्यास के बाद कोलकाता के बड़ी संख्या में निवासियों का वार्ड बदल जाएगा। इसका सीधा असर संपत्ति कर से जुड़े रिकॉर्ड पर भी पड़ेगा। इसी वजह से करदाताओं के कर पहचान संख्या यानी असेसी नंबर में भी बदलाव करना होगा। केएमसी का संपत्ति कर मूल्यांकन विभाग चुनाव समाप्त होने के बाद नए नंबर तैयार करने का काम शुरू करेगा। योजना के मुताबिक, नए वित्तीय वर्ष में जब संपत्ति कर के बिल तैयार होंगे, तब करदाताओं को नए असेसी नंबर के आधार पर बिल जारी किए जाएंगे। हालांकि, इसके लिए पहले वार्ड पुनर्विन्यास से संबंधित विधेयक का विधानसभा से पारित होना और उसके बाद शहरी एवं नगरपालिका विभाग की ओर से अधिसूचना जारी होना जरूरी होगा। मौजूदा वित्तीय वर्ष के बिल पहले ही तैयार किए जा चुके हैं, इसलिए असेसी नंबर में तत्काल बदलाव संभव नहीं है।

नए वार्डों में 65 नए कर्मचारी होंगे तैनात: सिर्फ असेसी नंबर ही नहीं बदलेगा, बल्कि नए बनाए जाने वाले 65 वार्डों में 65 नए कर्मचारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। ये कर्मचारी संबंधित वार्डों के संपत्ति करदाताओं के साथ समन्वय स्थापित करने और संपत्ति कर संग्रह में मदद करेंगे।

चुनाव के बाद शुरू होगा काम

केएमसी सूत्रों के अनुसार चुनाव के बाद नए असेसी नंबर तैयार करने का काम शुरू किया जाएगा और नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य है। नए वित्तीय वर्ष से संपत्ति कर के बिल नए नंबर के आधार पर तैयार किए जाएंगे। हालांकि, आम करदाताओं के लिए इस बदलाव से कोई बड़ी परेशानी होने की उम्मीद नहीं है लेकिन जिन लोगों ने संपत्ति कर से जुड़े मामलों में ट्रिब्यूनल में मुकदमा दायर कर रखा है या निर्धारित कर मूल्य के खिलाफ आपत्ति दर्ज की है और मामला अभी विचाराधीन है, उन्हें रिकॉर्ड बदलने की प्रक्रिया के दौरान कुछ अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

38 लाख रुपये की ठगी, बैंककर्मी गिरफ्तार

- पार्क स्ट्रीट थाना इलाके की घटना

दीपक, सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : पार्क स्ट्रीट स्थित एक सरकारी बैंक के ग्राहक के खाते से 38 लाख रुपये उड़ाने के आरोप में बैंककर्मी को गिरफ्तार किया गया है। लालबाजार की बैंक धोखाधड़ी जांच शाखा के खुफिया अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी समीरन शर्मा को घोला इलाके से धर दबोचा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपी समीरन शर्मा पार्क स्ट्रीट स्थित सरकारी बैंक में क्रेडिट कार्ड विभाग से जुड़ा कर्मचारी था। उसने अपने ही बैंक के एक ग्राहक के क्रेडिट कार्ड में चालाकी और हेरफेर कर उसके खाते से 38 लाख रुपये उड़ा दिए। इसके बाद उसने यह रकम अपने और एक अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर कर ली। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित ग्राहक ने इस साल पार्क स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जांच अधिकारियों ने छापेमारी कर समीरन शर्मा को गिरफ्तार किया।

3.50 करोड़ का सोना हड़पने वाला कारीगर गिरफ्तार

- गिरीश पार्क थाना इलाके की घटना
- लालबाजार के डीडी को मिली सफलता

दीपक, सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : गहने बनाने के नाम पर करीब 3.50 करोड़ रुपये मूल्य का सोना लेकर फरार होने वाले एक शातिर कारीगर को कोलकाता पुलिस की स्पेशल टीम ने धर दबोचा है। लालबाजार के खुफिया अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सोने के कारीगर को उत्तर कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हराधन दे के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी साल अगस्त महीने में गिरीश पार्क थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गिरीश पार्क इलाके की एक आभूषण दुकान से आरोपी हराधन दे ने गहने बनाने के नाम पर 2 किलोग्राम 281 ग्राम से अधिक सोना लिया था, लेकिन गहने बनाने के बजाय वह सोना लेकर चंपत हो गया। बाजार में इस गायब किए गए सोने की कीमत लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये आंकी गई है।

ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख की ठगी

सर्वे पार्क थाना में मामला दर्ज

कोलकाता : ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक वरिष्ठ नागरिक से 20 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ठगों के झांसे में आकर पीड़ित ने 29 जून 2026 से पहले उनके कहे अनुसार एक मोबाइल ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड किया और उसके जरिए निवेश करना शुरू कर दिया। भारी रिटर्न का लालच देकर आरोपियों ने कई किस्तों में पीड़ित से कुल 20 लाख रुपये का निवेश करवा लिया।

दिल्ली भाजपा ने चार जिलों में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली की ओर से बुधवार को राजधानी के चार जिलों दक्षिणी दिल्ली, महरौली, मयूर विहार और नवीन शाहदरा में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। विभिन्न यात्राओं में भाजपा सांसदों, विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत चौधरी के नेतृत्व में हजारों युवा कार्यकर्ता भी यात्राओं में शामिल हुए। महरौली जिले में मसूदपुर डेयरी स्थित मसूदपुर गांव के शहीद भगत सिंह पार्क से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। यात्रा में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता जयवीर राणा, जिला अध्यक्ष रविंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दक्षिणी दिल्ली जिले में मोलड़बंद, बदरपुर स्थित सांसद कार्यालय से निकली यात्रा का नेतृत्व भी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। इसमें भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अनिल जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत चौधरी, जिला अध्यक्ष माया सिंह बिष्ट, विधायक चंदन चौधरी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मयूर विहार जिले में जीवन अनमोल अस्पताल, मयूर विहार फेज-1 से निकली तिरंगा यात्रा का नेतृत्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने किया।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नवीन शाहदरा जिले में नंद नगरी स्थित नथ्थू कॉलोनी चौक से निकली तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सांसद मनोज तिवारी ने किया। यात्रा में पूर्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कार्यालय मंत्री कैलाश जैन, विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता, जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं के माध्यम से दिल्लीवासियों के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। मयूर विहार की तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि तिरंगा देश के 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान का प्रतीक है।

यमुनापार में जगह-जगह तिरंगा कैंप

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस को लेकर यमुनापार में तैयारियां तेज हो गई हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत इलाके के अलग-अलग हिस्सों में निशुल्क तिरंगा वितरण कैंप लगाए जा रहे हैं। शाहदरा, कृष्णा नगर, विश्वास नगर, गांधीनगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, पटपड़गंज, मयूर विहार, लक्ष्मी नगर, मंडावली, भजनपुरा, घोंडा, करावल नगर, गोकलपुरी, बाबरपुर, सीलमपुर, वेलकम और सीमापुरी समेत कई इलाकों में स्थानीय स्तर पर लोगों को तिरंगे बांटे जा रहे हैं। कैंपों में पहुंचने वाले लोगों को निशुल्क राष्ट्रीय ध्वज दिया जा रहा है। आयोजकों की ओर से लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की जा रही है।

हाईकोर्ट पहुंचा अंकित शर्मा का केस

पुलिस ने 6 बरी आरोपियों के खिलाफ की अपील, दो दोषियों ने सजा को दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

2020 के दिल्ली दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने छह आरोपियों को बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

उधर, मामले में दोषी ठहराए दो लोगों ने भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस साल 13 जुलाई को ट्रायल कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और 4 अन्य लोगों को अंकित शर्मा की हत्या का दोषी ठहराया था। अन्य आरोपियों में नाजिर, कासिम, जावेद और अनस शामिल हैं। बाद में 31 जुलाई को अदालत ने ताहिर हुसैन और चार अन्य दोषियों को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही, 6 अन्य लोगों को बरी कर दिया गया। बुधवार को दिल्ली पुलिस के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि उन 6 लोगों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी, जिन पर अंकित शर्मा की मौत के मामले में आरोप थे। वकील ने कहा, राज्य सरकार भी अपील कर रही है। छह आरोपी ऐसे हैं, जिन्हें बरी कर दिया गया है। हम इस प्रक्रिया में हैं। इसके बाद, हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर छह बरी लोगों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा। वहीं, मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों नाजिम और कासिम ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

सार संक्षेप

विवाद होने पर सहकर्मी को चाकू से गोदा, केस दर्ज

नई दिल्ली। नॉर्थ-ईस्ट जिले के जाफराबाद इलाके में दुकान पर काम करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने सहकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़ित परवेज पर चाकू से चार-पांच वार किए। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी शान मोहम्मद को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय परवेज विजय मोहल्ला, मौजपुर में परिवार के साथ रहते हैं और इलाके में जाहिद की दुकान पर काम करते हैं। शान मोहम्मद भी पहले इसी दुकान पर काम करता था। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, 7 अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे परवेज दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान शान मोहम्मद वहां पहुंचा और परवेज से कहने लगा कि वह अब दुकान पर काम नहीं करेगा। परवेज ने जवाब दिया कि दुकान मालिक जाहिद ने उसे काम पर रखा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया।

सट्टा खेलते छह दबोचे, 17,660 रुपये बरामद

नई दिल्ली। नंद नगरी थाना पुलिस ने इलाके में सट्टा खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी सट्टा ऑपरेटर बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से सट्टे की रकम 17,660 रुपये और सट्टा पर्चियां तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट राहुल अलवाल के मुताबिक, 11 अगस्त को हेड कांस्टेबल जितेंद्र और कांस्टेबल संजय सिंह इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस को मौके पर सट्टा खेलने और खिलाने का शक हुआ। टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके से पकड़ लिया। तलाशी और जांच के दौरान दो आरोपी सट्टे की पर्चियां लिखते मिले, जबकि चार अन्य लोग सट्टे में दांव लगा रहे थे।

चीनी मांझे के साथ 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को प्रतिबंधित चीनी/प्लास्टिक मांझे के अवैध भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश, असद और सोहेल के रूप में हुई है। पुलिस ने कुल 1,398 रील प्रतिबंधित मांझा जब्त किया और सामग्री ले जाने में इस्तेमाल की गई।

लाल किला ब्लास्टः कोर्ट ने चार्जशीट में आरोपियों का ब्रीफ बैकग्राउंड उल्लेख करने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट मामले के पटियाला हाउस कोर्ट से राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरण के बाद पहली बार सुनवाई हुई। अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कहा कि चार्जशीट में सभी आरोपियों का एक ब्रीफ बैकग्राउंड (संक्षिप्त पृष्ठभूमि) का उल्लेख करना उचित होगा, जिससे साजिश में उनकी भूमिका का पता लगे। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि एनआईए ने 14 मई 2026 को मुख्य आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसके बाद पूरक आरोपपत्र भी दाखिल किया गया। अभी तक आरोपपत्र में दर्ज अपराधों का संज्ञान नहीं लिया गया है। आरोप पत्र पर 27 अगस्त को सुनवाई होगी। इस मामले में एक आरोपी डॉ. उमर उन नबी की मौत हो चुकी है। उमर उन नबी पर लाल किला इलाके में हुए कार धमाके से जुड़े होने का आरोप है। बताया गया है कि उमर उसी कार में मौजूद था, जिसमें विस्फोट हुआ था और धमाके में उसकी मौत हो गई थी। अदालत ने एनआईए को डॉ. उमर उन नबी की मौत की आधिकारिक पुष्टि से संबंधित डेथ सर्टिफिकेट, डेथ वेरिफिकेशन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत उनकी मृत्यु के कारण इस आरोपी के खिलाफ लंबित कार्यवाही को समाप्त करने के संबंध में स्पष्ट आदेश पारित करेगी। पिछली अदालत ने अहलमद को मुख्य और पूरक आरोपपत्र की जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

मौजूदा अदालत ने अहलमद को उस आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया। अदालत ने विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया कि वह एक संक्षिप्त सारणी तैयार करें, जिसमें प्रत्येक आरोपी की भूमिका और उसके खिलाफ एनआईए द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों का उल्लेख हो। इससे अदालत को आरोपपत्र पर संज्ञान के मुद्दे पर विचार करने में सुविधा होगी। अदालत ने यह भी नोट किया कि उकाशा, फैजल, आशिम और उस्मान के खिलाफ आगे की जांच लंबित है।

स्कूल शिक्षा की निगरानी के लिए जिले में लागू, तीन स्तरीय मासिक समीक्षा व्यवस्था

फरीदाबाद। जिले में स्कूल शिक्षा की प्रभावी निगरानी और शिक्षा संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तीन स्तरीय मासिक समीक्षा व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों को नियमित समीक्षा, विभागीय समन्वय और लंबित मामलों के समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। व्यवस्था के प्रथम स्तर पर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में क्लस्टर/विद्यालय स्तर की समीक्षा होगी। इसके बाद खंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। दोनों स्तरों पर विद्यालय भवन, मरम्मत, डिजिटल संसाधन, पेयजल, स्वच्छता, पीएम पोषण योजना, एफएलएन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति तथा अनुदानों के उपयोग की समीक्षा होगी। तीसरे स्तर पर प्रत्येक माह के द्वितीय पखवाड़े में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक उपायुक्त या अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में होगी। इसमें शिक्षा संकेतकों, जर्जर भवनों, डिजिटल संसाधनों, शिक्षक रिक्तियों, सीखने के परिणाम, पीएम पोषण, स्वच्छता, पेयजल और अंतर-विभागीय समन्वय की समीक्षा की जाएगी।

डाबोदा व मुसेदपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

गुरुग्राम। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को फरुखनगर खंड के गांव डाबोदा व मुसेदपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर निकली यात्रा ने गांवों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक हाथों में लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

यूटीआई म्यूचुअल फंड की नई पहल व्हाट्सऐप पर ही भुगतान के साथ निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत निवेशक व्हाट्सऐप छोड़े बिना भुगतान सहित अपनी पूरी निवेश प्रक्रिया पूरा कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, यूटीआई म्यूचुअल फंड व्हाट्सऐप पर बातचीत के दौरान भुगतान की सुविधा देने वाला म्यूचुअल फंड उद्योग का पहला कोष प्रबंधक बन गया है। नई व्यवस्था निवेश की पूरी प्रक्रिया को व्हाट्सऐप पर ही बनाए रखती है।

यूटीआई परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के समूह अध्यक्ष एवं बिक्री, उत्पाद और डिजिटल विभाग के प्रमुख पेशोतन दस्तूर ने कहा यूटीआई में हम हर निवेशक के लिए निवेश को सरल, तेज और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्हाट्सऐप पर बातचीत के दौरान भुगतान की सुविधा देने वाला म्यूचुअल फंड उद्योग का पहला कोष प्रबंधक बनकर हम निवेशकों को उसी माध्यम पर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

सीएएमएसपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसंत जेयापाल ने कहा, सीएएमएसपे की व्हाट्सऐप आधारित भुगतान व्यवस्था वित्तीय संस्थानों की उस वास्तविक समस्या का समाधान करती है, जिसमें बाहरी वेबसाइट पर भेजे जाने या भुगतान संबंधी कड़ियों के टूटने के कारण लेन-देन रुक जाता है।

डेंगू के बढ़ते खतरे के बीच जीटीबी अलर्ट

नई दिल्ली। मानसून के दौरान डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ने मरीजों के इलाज के लिए व्यापक तैयारियां कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, डेंगू मरीजों के लिए पर्याप्त बेड, आवश्यक दवाइयों का स्टॉक, जांच की सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। लैब में जांच की सुविधा उपलब्ध है, जबकि प्लेटलेट्स की व्यवस्था के लिए ब्लड बैंक पूरी तरह तैयार है। अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली गई हैं। डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर बिना देरी किए अस्पताल पहुंचकर जांच कराएं। समय पर उपचार से गंभीर मामलों से बचा जा सकता है। साथ ही घर व आसपास पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं।